तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024



11 सीआरपीएफ जवान का गृहग्राम में स्वागत





12 घर-घर जाकर युवाओं को दिलाई सदस्यता









प्रेम रतन पैलेस & रिसॉर्ट

राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)

ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदार व्यवस्था

सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिरह, फैशन शो की पूरी सुविधा

• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं

नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग सांई मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम

मो.नं. 99261-33072, 7693040000, 8819959966, 8871500900



गरियाबंद जिले के एक मात्र पुराना कॉलेज 2014 से निरंतर संचालित

शिवम् कॉलेज ऑफ नर्सिंग

पंजाब नेशनल बैंक के सामने, फारेस्ट नाका के पास, रायपुर रोड, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

मान्यता :-
1. छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अनुमति प्राप्त
2. इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली

संबद्धता :-
1. पं. दिनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
2. छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काऊन्सिल, रायपुर (छ.ग.)

Mob.: 07869666862, 09685320208, Email : shivamgrpofcollege@rediffmail.com

बी.एस.सी. (नर्सिंग) 4 वर्षीय पाठ्यक्रम

12वीं उत्तीर्ण) बायो विषय में न्यूनतम 45%

नवीन साज-सज्जा के साथ गरियाबंद-रायपुर मुख्यमार्ग (कोदोबतर) पर नवीन भवन प्रस्तावित

प्रवेश प्रारम्भ



शासकीय एवं निजी नर्सिंग के क्षेत्र में नौकरियों के सुनहरे अवसर...



आवश्यकता है

कपड़ा/रेडीमेड दुकान

में काम करने के लिये :-
1. अनुभवी सेल्स मेन एवं सेल्सगर्ल
2. कम्प्यूटर आपरेटर
3. लेडिस स्टॉफ

वेतन योग्यतानुसार

-:: संपर्क ::-

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

मो. 8120001100



B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड- 114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि- 11/09/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## अनदेखी : आदिवासी बच्चे झोपड़ी में भविष्य गढ़ने मजबूर

# हथौड़ाडीह में भवन जर्जर, 3 वर्षों से झोपड़ी में संचालित हो रहा है स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में बदहाल शिक्षा व्यवस्था किसी से छिपा नहीं है। यहां दर्जनों स्कूल भवनों की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है। जिसके कारण आदिवासी क्षेत्र के बच्चे अपने सुनहरे भविष्य या तो जान जोखिम में डालकर जर्जर स्कूलों में गढ़ने को मजबूर हो रहे है या फिर कहीं झोपड़ी में स्कूल संचालित हो रहा है। लगातार ऐसे मामले सामने आने के बाद व्यवस्था में सुधार होते नजर नहीं आ रहा है। जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और अब मामले के शिकायत शिक्षा मंत्री से करने की बात कही जा रही है।

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 36 किलो मीटर दूर पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम पंचायत ओढ़ के आश्रित ग्राम हथौड़ाडीह में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बच्चे झोपड़ी में पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं। जिसकी जानकारी समय–समय पर सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर उच्च अधिकारियों को लिखित में देने के बावजूद समस्या का समाधान होते नजर नहीं आ रहा है और उच्च अधिकारी कभी इस स्कूल के निरीक्षण में भी नहीं पहुंच पा रहे हैं जिसके कारण विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बच्चे झोपड़ी में पढ़ाई करने विवश हो रहे हैं।





### भवन के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत, पर निर्माण नहीं

स्कूल जतन अभियान के तहत करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाया जा रहा है लेकिन धरातल में यह योजना की तस्वीर कुछ और बयां कर रही है। जिले के पहाड़ी में बसे घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला हथौड़ाडीह में स्कूल भवन का छत ही गायब हो गया है। बदहाली का आलम यह है की राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के नौनिहाल बच्चे का भविष्य अब भगवान भरोसे है। स्कूल में छत नहीं होने से गांव के एक झोपड़ी में पढ़ाई करने को आदिवासी कमार बच्चे मजबूर है जबकि स्कूल जतन अभियान के तहत 20 लाख रुपए स्वीकृत हुई है लेकिन अब तक स्कूल भवन नहीं बन पा रहा है। स्कूल जतन अभियान के तहत 20 लाख का भवन प्राथमिक शाला हथौड़ाडीह के लिए स्वीकृत हुआ है लेकिन स्कूल भवन के लिए नींव खोदकर छोड़ दिया गया है जिसके बाद सुध लेना तो दूर कोई अधिकारी झांकने तक नहीं गया है। प्रधानपाठक नरेन्द्र सोरी ने बताया की स्कूल भवन जर्जर होने के कारण और स्कूल भवन का छत पूरी तरह टूट जाने के कारण स्कूल का संचालन झोपड़ी मे किया जा रहा है।

### अधिकारी नहीं करते निरीक्षण

ग्रामीण नेकराम, महान्त सिंह,जोबो राम एवं भावेश ने बताया की स्कूल का संचालन लम्बे समय से झोपड़ी में किया जा रहा है कई बार अधिकारियों को आवेदन देकर बता चूके हैं लेकिन समस्या दूर नहीं किया गया और अब तक कोई अधिकारी निरीक्षण में भी नहीं पहुंचे हैं।



### भवन निर्माण जल्द पूरा हो : विधायक

विधायक जनक ध्रुव ने कहा की मामले की शिकायत शिक्षा मंत्री से किया जायेगा। यहां स्कूल भवन के लिए लाखों रुपए अगर स्वीकृत हुआ है तो स्कूल भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए।



# चीतल का शिकार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ आरोपी से भुना हुआ 2 किलो 875 ग्राम चीतल मटन बरामद

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में वन्यप्राणी मादा चीतल का शिकार कर उसके मांस को घर में लाकर खाने के बाद आधे को आग में भुनकर रखने वाले आरोपी को वन विभाग के टीम ने दबीश देकर पकड़ा और आरोपी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 धारा की तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिला किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 7 सितंबर को गुप्त सुचना मिलने के आधार पर ग्राम जुगाड़ निवासी घनश्याम जाति गोड़ के द्वारा उत्तर उदंती परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 85 पाटाबहाल नाला छापरमाटी ( नमक मिट्टी) के पास तीन–चार दिन पूर्व एक मादा चीतल का शिकार कर उसका कच्चा मांस को अपने कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर आग के आंच से भुनकर रखा हुआ था बाकी कच्चा मांस को अपने रिश्तेदार को बांट दिया गया था। वन विभाग की टीम द्वारा घनश्याम के घर से आग के आंच से भुना हुआ 2 किलो 875 ग्राम चीतल मटन बरामद किया गया। जिसे मौके पर जप्त किया गया और घनश्याम ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आरोपी पूर्व में भी जा चुका है जेल

आरोपी के द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2014 मे एक नग चीतल को मारकर खाने का वन अपराध क्रमांक 3158/01 दिनांक 13 अगस्त 2014 दर्ज हैं। आरोपी वन्यजीवों का शिकार करने का आदतन अपराधी है। विवेचना अधिकारी गंगाराम ठाकुर वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जुगाड़ के द्वारा आरोपी घनश्याम गोड़ उम्र 56 वर्ष ग्राम जुगाड़ का न्यायालयीन कार्यवाही के अंतर्गत वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा के तहत गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में एन्टीपोचिंग नोडल गोपाल कश्यप, देवनारायण सोनी वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती मैनपुर, राकेश परिहार वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा, दानवीर चिण्डा, गंगाराम ठाकुर पुनाराम साहू, मनोज ध्रुव, टकेश्वर देवागन, सुर्यदेव जगतवंशी, अनुप जांगडे, वरेन्द्र ध्रुव, भूपेन्द भेडिया, फलेश्वर दीवान, योगेश दिवान,श्रीमति रिंकी जोशी एवं सुरक्षा श्रमिकों का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### विधायक का जनदर्शन कार्यक्रम आज छुरा में

**छुरा।** क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का छुरा में प्रतिमाह लगने वाले जनदर्शन कार्यक्रम 9 सितंबर माह में आज स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित है। उपरोक्त जनदर्शन कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित है जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहकर क्षेत्र के आमजनों तथा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे व उनका निराकरण करेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए। खोमन चन्द्राकर, मानसिंग निषाद ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन 13 तक

**राजिम।** मां महामाया मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय अखंड राम नाम सप्ताह का आयोजन 13 सितंबर तक होगा। यह आयोजन किसान सेवा समिति के तत्वावधान में हर वर्ष अच्छी फसल के लिए किया जाता है। बताया कि पूरे 7 दिनों तक सभी समाज के लोग इस आयोजन में शामिल होंगे। पूरे नगर वासियों के सहयोग से राम नाम सप्ताह का आयोजन होता है जिसमें सभी की भागीदारी रहती है।

### कोलिहाडबरी में चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कोलिहााडबरी में एक व्यक्ति के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर प्रार्थी ने बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी परस बंजारा पिता भागीरथी बंजारा (36 वर्ष) ने रिपोर्ट लिखाई है कि कुछ दिन आरोपियों प्रकाश विशाल, कमल विशाल, हेमसागर विशाल एवं एक अन्य व्यक्ति के पिता से प्रार्थी की बकरी को मोटर सायकल से दबा देने पर वाद विवाद हुआ था। 7 सितंबर की सुबह 4 बजे कोलिहादेवरी पेट्रोल पंप के पास आरोपियों ने प्रार्थी गालियां देते हुए मारपीट की।

# तीन किलोमीटर की सड़क में जगह-जगह गड्ढे, राहगीर परेशान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** रानीपरतेवा से करचाली पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई लगभग तीन किलोमीटर है जो कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण किया गया था। जो निर्माण कार्य गुणवत्ता हिन होने के कारण सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुका हैं। पूरे तीन किलोमीटर पर जगह- जगह गड्डे हो गए हैं। गड्ढे में पानी भरा हुआ है। जिससे राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है की सड़क को नवीनीकरण करने की मांग शासन-प्रशासन से की है।



# बारिश से उमस व गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गणेश चतुर्थी पर्व से नगर सहित अंचल में बारिश का क्रम बना हुआ है। जिसके चलते किसानों के सूखते खेतों को पानी मिला है। वहीं पर उमस एवं गर्मी से हल्की राहत मिली है। हालांकि किसानों को और अधिक पानी की आवश्यकता है।



### किसानों के सूखते खेतों को पानी मिला

नगर की गलियों के धूलों से विराम मिला है। रविवार को भी संध्या 5 बजे तेज हवाओं के झोंको के साथ-साथ बादलों की गडगड़ाहट के साथ कुछ देर के लिए झमाझम बारिश हुई। जिसका क्रम 7 बजे तक चलता रहा। आसमान में छाई घटाओं के चलते रात में भी बारिश होने का अंदेशा बना हुआ है। बिजली की गर्जना से लोग भयभीत हो गए। रास्ते में चलते लोगों ने दूकानों सहित अपने आसपास घरों का सहारा लिया। गर्जना बंद होने पर वहीं से रूखसत हुए। लोगों का कहना है कि सावन में महादेव के आशीर्वाद ▶▶|शेष पेज 10पर

## नवाखाई पर बुटेंगा पहुंचे विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामवासी गदगद

# जल्द किया जाएगा सड़क निर्माण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नवाखाई पर्व के अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ग्राम पंचायत बेंदकुरा के आश्रित ग्राम बुटेंगा पहुंचे हुए थे। जहां ग्रामीणों द्वारा विधायक ध्रुव का आत्मीय स्वागत किया। पहली बार क्षेत्रीय विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी गदगद हो गए। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त समस्याओं को बताया और मांगे रखी। इस पर विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आवागमन के लिए सड़क की मांग को जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मांगों को भी पूरी की जाएगी। ग्रामवासियों ने विधायक ध्रुव का गमछा और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। मालूम हो कि गरियाबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत



### विधायक ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

बेंदकुरा का आश्रित ग्राम बुटेंगा जो कि आदिवासी बाहुल्य गांव है। जहां ग्रामीणों द्वारा नवाखाई पर्व मनाया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव शामिल हुए। ग्राम के बच्चों द्वारा स्वागत गीत व पारंपरिक गीतों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, जिन्हें विधायक



ध्रुव ने सांत्वना पुरस्कार दिया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आज नवाखाई पर्व पर ग्राम बुटेंगा पहुंचे थे, यहां के लोगों ने बड़े ही आत्मीयता के साथ स्वागत किया। कहा की यह गांव घने जंगलों के बीच बसा है, लोगों ने समस्याएं बताई है, जिसमें प्रमुख रूप से आवागमन के लिए सड़क और आंगनबाड़ी भवन की मांग ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**9993223300, 8370049468**

खबर संक्षेप

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग



रायपुर। जिला अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधि मंत्री अरुण साव से सिविल लाइंस स्थित उनके निवास में शनिवार को जाकर भेंट की और छत्तीसगढ़ में जल्द से जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। साथ ही राजधानी रायपुर के जिला अधिवक्ता संघ में लगभग 4100 पंजीकृत अधिवक्ताओं को बैठने की समस्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बिल्डिंग निर्माण करने के लिए भी आर्थिक सहयोग मांगा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विधि मंत्री श्री साव ने मांगों को पूरा करने के लिए शासन स्तर पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले जिला संघ के अध्यक्ष हितेंद्र, किशोर ताम्रकार, महिला सचिव गायत्री साहू, सागर पांडे, अंकित फूलझेले, सावित्री नायक शामिल थे।

## भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम ने रच दिया इतिहास



रायपुर। भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम ने इतिहास रच दिया। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने पहली बार पदक हासिल किया। भारतीय मिक्स डबल्स टीम जय मीणा वी आद्या तिवारी ने ऑनसोंग दक्षिण कोरिया में संपन्न 17 वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी इस जीत में टीम के कोच छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव प्रमोद ठाकुर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सॉफ्ट टेनिस एसिसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सॉफ्ट टेनिस संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पुसदकर ने नया इतिहास गढ़ने के लिए सॉफ्ट टेनिस की टीम इंडिया, जय मीणा, आद्या तिवारी, प्रमोद ठाकुर सहित टीम को बधाई दी।

## प्रापर्टी टैक्स की तरह अस्पतालों से सालाना लिया जाए यूजर चार्ज



रायपुर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है, अस्पतालों से प्रापर्टी टैक्स की तरह यूजर चार्ज सालाना वसूला जाए। इसके साथ की यूजर चार्ज की नई दर युक्तिकरण के बाद लागू की जाएगी। इस मसले पर आईएमए प्रतिनिधि ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात की। रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2014 के निर्णय के बाद 2017 में राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगरीय निकाय के सभी संस्थानों पर यूजर चार्ज लागू किया गया था। चिकित्सा संस्थानों से लिए जाने वाले यूजर चार्ज की दरें तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक रखी गई थीं। अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट भेजने के बाद जनरल वेस्ट की मात्रा चिकित्सा संस्थानों में बहुत कम रह जाती है।

## सकल दिगंबर जैन समाज की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

रायपुर। डीडीनगर स्थित वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर में शनविार को दिगंबर जैन सकल जैन समाज की बैठक हुई। बैठक में जैन धर्म के सब से बड़े पर्वधिराज पर्युषण महापर्व पर पड़ने वाली क्षमावाणी दिवस पर सकल दिगंबर जैन समाज के समस्त मंदिरों के सदस्यों द्वारा सामूहिक क्षमावाणी पर्व का आयोजन रायपुर के अनुरूप वृहद पैमाने पर एक साथ किए जाने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। साथ ही साथ संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महामुनिराज के 17 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के दिन में पड़ने 78वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रातः प्रभात फेरी, विभिन्न धार्मिक व्यक्तियों, जनसेवकों को आमंत्रित कर महा आयोजन आयोजित करने की चर्चा भी की गई।

# एससीआर बनाने प्लानिंग पूरी, जल्द ही प्रोजेक्ट पर शुरू होगा काम


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश की राजधानी दिल्ली के समीप एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार भी एससीआर बनाने जा रही है। इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग पूरी हो गई है और अब जल्द ही प्रोजेक्ट का काम शुरू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार के एससीआर प्रोजेक्ट यह एक बड़ी प्लानिंग का हिस्सा है। देश में दिल्ली के आसपास नेशनल कैपिटल रीजन बनाया गया था, ताकि बड़े लेवल पर अर्बन प्लानिंग हो सके। उसी तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा की गई है, इसके लिए काम शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले प्लानिंग का काम होगा, ताकि यहां बड़े स्तर पर लॉन्ग टर्म के लिए काम हो सके। नया रायपुर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई को शामिल करके स्टेट कैपिटल रीजन बनाया जाएगा। तीनों शहर की आबादी को मिला दिया जाए, तो यह आबादी 50 लाख से ऊपर है। योजना में शहरीकरण का एक समुचित ढांचा बनेगा। एससीआर को बनाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र का एक मानचित्र तैयार होगा. इसमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक के अलावा धार्मिक और पर्यटन को ध्यान में रखा जाएगा। जिसके लिए संबंधित विभागों द्वारा एससीआर योजना व डीपीआर बनाने की तैयारी चल रही है।

### योजना में शहरीकरण का एक समुचित ढांचा बनेगा

#### नवा रायपुर के विकास के लिए 206 करोड़ का बजट

नवा रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम जारी है। जिसमें अटल नगर में स्थित केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल, हब व अन्य कई ऐसे आंतरिक मार्गों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। नवा रायपुर स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के लिए 206 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान रखा गया है। नवा रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कई निर्माण चल रहे हैं। दोनों शहर स्मार्ट सिटी के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं।



#### चारों शहरों का तेजी से होगा विकास

एससीआर योजना के तहत चारों शहरों का विकास तेजी से किया जाएगा। लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार के लिए भी अवसर बढ़ेंगे। दिल्ली मेट्रो की तरह इन शहरों में भी लाइट मेट्रो चलाने की योजना है, जिसमें लगभग 4 सौ करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत रायपुर, नवा रायपुर में सड़कों, तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

### पूर्व सांसद तथा पर्यावरणविद ने इंस्टाग्राम में पोस्ट कर सोनू को छोड़ने अपील की

# कैद में रह रहे सोनू को गणेश चतुर्थी के दिन छोड़ने मेनका गांधी की मार्मिक अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वन विभाग की कैद में पिछले नौ वर्षों से रह रहे सोनू हाथी को स्वतंत्र करने पर्यावरण विद तथा पूर्व सांसद मेनका गांधी ने इंस्टग्राम में मार्मिक अपील की है। श्रीमती गांधी ने यह अपील गणेश चतुर्थी के दिन जारी की है।

खास खबर

श्रीमती गांधी ने अपील करते हुए कहा कि इस गणेश चतुर्थी पर आइए दया और करुणा के लिए खड़े होकर भगवान गणेश का सम्मान करें। सोनू 8 साल से बंधा हुआ है- अब उसे आजाद करने का समय आ गया है।

श्रीमती गांधी ने इंस्टाग्राम पर वन विभाग तथा वनमंत्रालय को टैग करते हुए सोनू के लिए अपील करते हुए कहा कि सोनू आठ वर्षों से वन विभाग के कब्जे में आठ वर्षों से दिल दहला देने वाली कैद में रहने को मजबूर है, उसकी आजादी छीन ली गई है, उसकी आत्मा धीरे-धीरे फीकी पड़ रही है। श्रीमती गांधी ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन से सोनू को रिहा करने आग्रह करते हुए जंगल में छोड़ने की अपील की है। अपने पोस्ट में मेनका गांधी ने सोनू की आजादी के लिए रास्ता साफ करते हुए उसके पैरों में बंधी जंजीर तोड़ जंगल में नई जिंदगी जीने देने के लिए अपील की है।



#### 12 वर्ष की उम्र से सोनू वन विभाग की कैद में

सोनू हाथी को वन विभाग ने वर्ष 2015 को अचानकमार टाइगर रिजर्व में पकड़ा था। तब सोनू की उम्र महज 12 वर्ष की थी। सोनू पर कई लोगों की जान लेने के आरोप के साथ लोगों के घर तोड़ने के आरोप लगे थे। वन विभाग सोनू द्वारा किसी की जान लेने का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। सोनू को जब वन विभाग की टीम ने पकड़ा था, तब उसके पैरों में लोहे की मोटी जंजार बांध दी थी। पैरों में घाव होने की वजह से उसका उपचार वन्यजीव चिकित्सक द्वारा कराया गया। तब वन्यजीव चिकित्सक ने सोनू को चार सप्ताह बाद जंगल में छोड़े जाने की स्थिति में आने की बात कही।

बाद में घाव ठीक होने के बाद सोनू के इंसानों के संपर्क में आने की वजह से उसे ऐसी जगह छोड़ने के लिए कहा जहां हाथियों की आवाजाही ज्यादा रहती है, जहां वह अन्य हाथियों के साथ घुल-मिलकर रह सके। तब से लेकर अब तक सोनू वन विभाग के कैद में है। सोनू को जंगल में छोड़ने हाईकोर्ट भी आदेश जारी कर चुका है। बावजूद इसके वन विभाग के अफसर सोनू को अब तक जंगल में नहीं छोड़ पाए हैं।

# प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन में अब भी लगा रहे पुराने मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक एक लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के मीटर बदल भी दिए गए हैं। लेकिन नए कनेक्शनों में पुराने मीटर ही लगाए जा रहे हैं। इसको बाद में बदला जाएगा। नए कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पॉवर कंपनी व्यवस्था करने में लगी है। आने वाले समय में जल्द ही यह व्यवस्था की जाएगी जिससे नए कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर ही लग सके।

- स्मार्ट मीटर लगाने के लिए की जा रही है व्यवस्था

प्रदेश के 55 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजना के कारण सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदल जा रहे हैं। अभी तो प्रारंभ में सभी कनेक्शनों को पोस्टपैड ही रखा गया है, लेकिन आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। ऐसा होने पर पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। रीचार्ज समाप्त होने पर बिजली कट हो जाएगी।



### नए कनेक्शन के लिए अभी व्यवस्था नहीं

पुराने मीटरों को बदलने का काम तेजी से पूरे प्रदेश में चल रहा है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बाकी संभागों का काम जीनस कंपनी को मिला है। दोनों कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। लेकिन अभी जो भी उपभोक्ता नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके कनेक्शनों में पॉवर कंपनी द्वारा पुराने मीटर ही लगाए जा रहे हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सिस्टम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है, इस पर काम किया जा रहा है। जैसे ही सिस्टम में बदलाव हो जाएगा, नए कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन इसके लिए यह भी जरूरी है कि जो कंपनियां स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही हैं, उनके पास स्मार्ट मीटर का स्टॉक भी होना चाहिए। नए कनेक्शनों में भी जब स्मार्ट मीटर लगेंगे तो इसके लिए उपभोक्ताओं से कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जाएगा।स्मार्ट मीटर छह हजार रुपए का है।

# पुलिस शहीदों को दी श्रद्धांजलि सैनिकों के साहस को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सीएपीएफ का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र हुआ। इस दौरान एन. प्रकाश रेड्डी, डीआइजी, तेलंगाना पुलिस समूह के उपनेता थे। दीपक कुमार शर्मा, आरआई ने पुलिस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रतिनिधित्व किया। एकजुटता दिखाने के लिए आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और जवान जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच एलएसी पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, वे भी शहीदों को सलामी देने के लिए पुलिस दल में शामिल हुए। पुलिस प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती और गश्ती दल के सदस्य सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान मिला, जो 21 अक्टूबर 1959 के दौरान चीनी सैनिकों के खिलाफ बहादुरी से खड़े थे, जहां उन्हें पकड़ लिया गया था। उनका लचीलापन और साहस इतिहास का एक प्रेरक अध्याय बना हुआ है।

# शिविर में छात्र-छात्राओं को मौके पर बनाकर दिया जा रहा मूल निवासी, जाति-आय प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मूल निवासी, आय और जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर काटने वाले छात्र-छात्राओं को शिविर के माध्यम से राहत पहुंचाई जा रही है। जिला प्रशासन के निर्देश पर शासकीय स्कूलों में शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें कुछेक घंटे में ही छात्र-छात्राओं को आवेदन के आधार पर मूल निवासी, आय और जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिए जा रहे हैं।

- शासकीय स्कूलों में लगाए जा रहे शिविर

***3 साल भटक रही छात्रा का बना जाति प्रमाण पत्र :*** राजधानी रायपुर के दौंदेकला के शासकीय स्कूल में शिविर लगाया गया था। इस शिविर में पहुंची फुलकेश्वरी रात्रे अपनी बेटी नैना का जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए 3 साल से परेशान थी। जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन देने के बाद भी उसकी बेटी का जाति प्रमाण पत्र बन नहीं पा रहा था। इसके लिए कई बार वह तहसील कार्यालय का चक्कर भी काट चुकी है, पर स्कूल में लगे शिविर में पहुंचने के एक घंटे के भीतर ही उसके हाथ में उसकी बेटी का जाति प्रमाण पत्र दे दिया गया। शिविर में फुलकेश्वरी ने नैना का आय और मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए भी आवेदन दिया। ये दोनों प्रमाण पत्र भी तुरंत बनाकर उन्हें दे दिया गया।



### शिक्षक के बेटे को भी तुरंत मिला मूल निवास

दौंदेकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिविर में शिक्षक उमेश मोहन मार्कडेय अपने बेटे समीर को लेकर पहुंचे। समीर 12वीं कक्षा का छात्र है। उसका मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं बनाथा। आवेदन देने पर शिविर में तत्काल मूल निवास प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। इसके अलावा शिविर में तनुजा निर्मलकर, लोकेश्वरी मंडले, देविका साहू, मिथिलेश सेन, सेविका साहू, नीता धीवर, टाकेश साहू, लिपाक्षी साहू, कंचन यादव विद्यार्थियों को भी आय और जाति मूल निवास प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए।

## सामाजिक एकता- भाईचारे का महापर्व है नुआखाई

रायपुर। ओड़िया समाज का महापर्व नुआखाई 8 सितंबर को है, जिसको लेकर उत्कल गाड़ा समाज की महिलाओं में खुशहाली का माहौल है। उत्कल महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष नेत्री व सामाजिक कार्यकर्ता सावित्री जगत ने कहा, ओड़िया समाज नुआखाई पर्व हमारे पूर्वजों द्वारा दी पारंपरिक और सांस्कृतिक विरासत है, जिसे सहेजकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। नुआखाई उत्सव को लेकर हमारे समाज की महिलाओं में इस वर्ष एक नया उत्साह का संचार हुआ है। हमारी महिलाएं झुग्गियों में जाकर समाज के लोगों का आशीर्वाद लेंगी, उनके साथ नुआखाई उत्सव मनाएंगी। समाज को एक मंच में लाने में हम महिलाएं मुख्य भूमिका निभाएंगी। नुआखाई पर्व हमारी ताकत है, जिसके माध्यम से समाज में एक नया परिवर्तन लाएंगे।



## प्रदेश में आदिवासी सुरक्षित नहीं, अपराधी बेखौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सीतापुर में दीपेश उर्फ संदीप की हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आदिवासी वर्ग की रक्षा नहीं कर पा रहे। भाजपा सरकार में अपराधी बेखौफ हैं। प्रदेश में आदिवासी सुरक्षित नहीं हैं। सरकार अपराधिक घटनाओ को रोक नहीं पा रही है। राज मिस्त्री के हत्या के आरोपियों के खिलाफ एस्ट्रोसिटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जाये। मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियो पर भी कार्रवाई की जाये। आदिवासी वर्ग कि सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।उन्होंने कहा, आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में ठेकेदार एवं उनके गुर्गो के द्वारा आदिवासी राजमिस्त्री दीपेश उर्फ संदीप की पीट-पीट कर जघन्य हत्या कर शव को गड्ढे में दबाकर उस पर पानी की टंकी बना दिया जाता है। ठेकेदार के द्वारा पुलिस से मिली भगत कर मामला को दबाने के लिए मृतक के खिलाफ ही चोरी के मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं। राज मिस्त्री के पत्नी अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत थाना में दर्ज कराती है, लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है।

## संयुक्त शिक्षक महासंघ 11 के आंदोलन में होगा शामिल


रायपुर। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 11 सितम्बर को डीए एरियर्स सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय मशाल रैली निकाली जायेगी। इस आंदोलन में संयुक्त शिक्षक महासंघ शामिल होगा। दर्जनभर शिक्षक संगठनों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि डीए की घोषणा जल्द करें। संयुक्त शिक्षक महासंघ और प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राज नारायण द्विवेदी, संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदार जैन, गवर्नमेंट एम्प्लाइज एसोसिएशन वेलफेयर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग सर्व शिक्षक संघ के संयोजक विवेक दुबे, शालेय प्रधान पाठक संघ के मनोज साहू ने संयुक्त रुप से बताया कि 11 सितम्बर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के मशाल जुलूस एवं रैली में सभी शिक्षक संगठनों के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे।

### गेमिंग कंपनी की आड़ में जालसाजों ने डॉक्टर से संपर्क कर ठगी का शिकार बनाया

# 40 प्रतिशत कमीशन पाने के लालच में डॉक्टर ने गंवाई जमा पूंजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में जालसाजों के झांसे में आकर एक डॉक्टर अपनी जिंदगी भर की जमा पूंजी गंवा बैठा। ठगी का शिकार डॉक्टर जालसाजों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचा है। जालसजों ने डॉक्टर के साथ एक साल के भीतर 90 लाख रुपए ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक राजीव नगर निवासी डॉ. अशित कुमार ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। अशित ने पुलिस को बताया है कि जालसाजों ने उसके पास इंस्टाग्रम के माध्यम से संपर्क कर ठगी की घटना को अंजाम दिया है। जालासाजों ने डॉक्टर को उनके द्वारा निवेश की गई रकम पर एक साल में 40 प्रतिशत कमीशन देने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया और अलग-अलग स्कीम बताकर उसे वर्चुअल लाभ दिखाकर ठगी की। डॉक्टर ने अपने द्वारा जमा रकम निकालने की कोशिश की, तो पैसे नहीं निकले। तब डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली और वह जालसाजों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।



### डॉक्टर को ऐसे बनाया ठगी का शिकार

डॉक्टर के अनुसार 12 दिसंबर 2022 को उसके पास इंस्टाग्राम में एक लिंक आया। लिंक क्लिक करने पर रॉयल विंग गेमिंग कंपनी में पैसा निवेश करने पर एक साल में 40 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा दिया गया। इसके बाद जालसाजों ने डॉक्टर को अपने वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया और डॉक्टर को कंपनी के बारे में जानकारी देकर पैसा निवेश करने प्रेरित किया।

### वर्चुअल लाभ देख डॉक्टर ने पैसे गंवाए

डॉक्टर ने पुलिस में जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके मुताबिक जालसाजों ने उसे जिस ग्रुप में जोड़ा था। उस ग्रुप में देश के अलग-अलग राज्यों से और कई लोग जुड़े थे। ग्रुप में जुड़े लोग कंपनी के माध्यम से लाभ मिलने की जानकारी शेयर करते थे। लोगों के पोस्ट देख डॉक्टर ने भी रकम निवेश किया। शुरू में डॉक्टर को मुनाफे की राशि भी दी गई। इसके बाद डॉक्टर जो भी रकम निवेश करता गया। जालसाज डॉक्टर को वर्चुअल माध्यम से लाभ मिलने का चेक दिखाकर एक साल तक रकम निवेश कराते गए। रकम निकालने की कोशिश करने पर जालसाज डॉक्टर को टैक्स तथा अन्य कारण बताकर और पैसे ठगते रहे। एक समय के बाद जालसाजों ने डॉक्टर को अपने ग्रुप से बाहर निकाल दिया, तब डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली।

पेज 9 के शेष...

### चीतल का शिकार...

को विस्तृत पूछताछ के लिए मैनपुर लाया गया। आज दिनांक 8 सितंबर को आरोपी को घटना स्थल का सिनाख्त के लिए कक्ष क्रमांक 85 ले जाया गया। जहां वन्यप्राणी चीतल का शिकार हुआ था। आरोपी ने चीतल का अवैध शिकार करना एवं कच्चा मांस को कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर रखने का वन अपराध स्वीकार करने पर उनके विरुद्ध पीओआर क्रमांक 199/03 दिनांक 8 सिंतबर वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### बारिश से उमस...

से अच्छी बारिश होती है। वहीं पर भगवान गणेश के पर्व मे अच्छी बारिश होने का अंदेशा है। धान के पौधे पकने के कगार में आ रहे है जो अक्टूबर महिने में निकलने लगेंगे। देखना होगा पानी को लेकर प्रकृति किस प्रकार से मेहरबान होती है।

### जल्द किया जाएगा...

रखी है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा।

**ग्रामीणों ने सड़क बनाने की मांग की**-वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहली बार कोई विधायक उनके बीच पहुंचे हैं। विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामवासी काफी गदगद हैं। कहा की ग्राम में बहुत सी समस्याएं हैं, जिसमें प्रमुख रूप से सड़क की है, उन्हें दूर करने मांग रखी गई है। विधायक श्री ध्रुव ने हमारे निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए नवाखाई पर्व में शामिल होने पहुंचे थे, जिससे सभी खुश हैं। इस मौके पर शिवचरण नेताम, आत्मानंद मरकाम, गोपाल, संजय वैष्णव, नोहर देवांगन, जसवंत तारम, वालेस मरकाम, बलराम चक्रधारी, नूतन यादव सहित इत्यादि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चंपारण टीला क्षेत्र में आई धान की बालियां

**नवापारा-राजिम।** चंपारण-टीला क्षेत्र में खासतौर से हरहुना अर्ली वैरायटी के धान की बालियां निकल आई है। हालांकि ये दृश्य पूरे रकबे में तो नहीं है पर हरेक गांव के 10-20 खेतों में जरूर दिख रहा है। ये फसल दशहरा के बाद से कटने लगेगी। इस बार बारिश कम हुई है फिर भी सिंचित क्षेत्र व स्वयं के संसाधन वाले किसानों को पूरे सोलह आने फसल की उम्मीद है। अपनी फसल को देखकर मेहनतकश किसान खासे उत्साहित हैं। गर कीट-प्रकोप न हो, तो अच्छी पैदावार होगी। इस खरीफ सीजन के शुरूआती दौर में अल्पवर्षा से किसान किंचित चिंतित हो गए थे परंतु भगवान राजीव लोचन के भरपूर कृपा से बाद में बारिश थोड़ी अच्छी हुई। पिछड़ गए खेती को किसानों ने मेहनत कर संभाल लिया। बता दें कि नवापारा, पारागांव, कोलियारी, जौंदी, जौंदा, डगनिया, पोड़, टीला, सेम्हरा, तामासिवनी, मानिकचौरी, कुर्रा, पटेवा, सोनेसिल्ली सहित राजिम, पथर्रा, बेलटुकरी, किरवई, कोमा, बोरसी, कौंदकेरा, भैंसातरा, पीपरछेड़ी जैसे आसपास के दर्जनों गांव के कुछ रकबे में बालियां नजर आने लगी है। इसके अलावा अंचल के 80-90 फीसदी रकबे में फसल अच्छी है। नालों में बदस्तूर पानी का प्रवाह जारी है। चर्चा करने पर किसानो ने बताया कि यदि किसी भी प्रकार से आगे कीट-प्रकोप न हो, तो फसल पूरे सोलह आने होगी। कुछ किसानों ने बताया कि मौसम ठीक-ठाक रहा तो दशहरे से कुछेक रकबे में हरहुना धान की कटाई शुरू हो जाएगी।

### महिला को सरपंच चुना है ग्रामीणों ने न कि उनके परिजन कोः हुलसी

**महासमुंद।** समीपस्थ ग्राम बेलसोंडा उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने सरपंच पति पोखन चंद्राकर द्वारा लगाए गए मुरुम चोरी के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि गांव के किसी भी मामले में जब वह आवाज उठाते हैं तो सरपंच पति पोखन चंद्राकर बेवजह हस्तक्षेप करते हुए आरोप-प्रत्यारोप और अनर्गल बातों को ग्रामीणों के समक्ष प्रस्तुत कर बरगलाने का प्रयास किया जाता है। ग्रामीणों द्वारा महिला को सरपंच चुना गया लेकिन, सरपंच पति जो स्वयं शासकीय सेवक हैं के द्वारा पंचायत के कार्यों में दखल दिया जाता है। सरपंच के किसी भी कार्य को लेकर जब भी कोई सवाल सामने आता है तो स्वयं सामने आकर अनर्गल प्रलाप किया जाता है।

### चर्म रोग जांच प्रतिदिन

**महासमुंद।** शहर के मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में चर्म, यौन, कुष्ठ रोग जांच के लिए सोमवार से शनिवार तक डॉ गरिमा शर्मा एमबीबीएस, एमडी गोल्ड मेडलिस्ट (चर्म एवं सौंदर्य रोग विशेषज्ञ) परामर्श के लिए अपनी सेवाएं देंगी। इसी तरह कान, नाक व गला जांच का आयोजन सांय 4 से 6 बजे तक किया गया है। जिसमें विशेषज्ञ डा. चंचल लहरी (एमबीबीएस, एमएस, ईएनटी) अपनी सेवाएं देंगे।

### स्मारक में की गई साफ-सफाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में पौधों की साफ सफाई की गई। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर एवं युवाओं ने की। युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि शहीद स्मारक में जो पौधारोपण किया गया है। पौधों की महीने में चार बार साफ सफाई करना पड़ता है।

### शकील पुनः बने गौसिया मस्जिद सदर

**महासमुंद।** गौसिया मस्जिद कमेटी के सदर को पुनः सदर चुना गया। रविवार को हुए चुनाव में शकील खान व तबरेज खान सदर के लिए चुनाव मैदान में थे। 467 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। जिसमें शकील खान 291 वोट व तबरेज खान को 161 मत मिले। 16 मत रिजेक्ट किए गए। इसी तरह शकील खान 131 वोटों से जीत हासिल कर पुनः सदर चुने गए।

पर्व : विधि-विधान पूर्वक मंन्त्रोचार के साथ स्थापित की गई मूर्ति

# ग्रामीण अंचल में गणेश उत्सव की धूम, जगह- जगह विराजे गणपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडागांव(कोरासी)।

ग्रामीण अंचल में गणेश उत्सव की धूम मचा हुआ है। और इसी बीच ग्राम गिधनी में नींम चौंक नवयुवा गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रथम पूज्य सिद्धिविनायक विघ्नहर्ता गणनायक की मूर्ति पुरोहित के द्वारा विधि-विधान पूर्वक मन्त्रोचार के साथ शुभ मुहूर्त में गणपति बप्पा मोरिया के साथ विध्नहर्ता की पूजा अर्चना करके गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। बड़े उत्साह के साथ लोगों ने आरती पूजन कर प्रसादी वितरण कर जनकल्याण की कामना की।बाजार में भी पूजन सामग्री और डेकोरेशन सामनों की खरीदरारी से बाजार गुलजार रहा। वहीं बप्पा की छोटी-बडी.मूर्तियों को खरीदने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा गया। हर कोई अपनी-अपनी पसंद की मूर्तियों को खरीदकर घरों व मंचों में उसे स्थापित करने के साथ आस्था भक्ति में डुबने लगे। पूरे दस दिनों तक पूरे अंचल में गौरी के लाला की पूजा आराधना प्रतिदिन सुबह- शाम के साथ लोग पुण्य के भागी बनेंगे। मधुर ध्वनि में स्वागत के साथ पूरा अंचल गणेश मय हो गया है। इस मौके पर प्रमुख रुप से ग्राम के बैगा देवनाथ ठाकुर, बेदुराम ठाकुर, यशपाल ठाकुर, यादराम ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, नरोतम ठाकुर, रिंकु ठाकुर, लक्की ठाकुर, दीपक ठाकुर, बेनु ठाकुर सहित छोटे-छोटे बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।





### मैनपुर में गणेशोत्सव की धूम

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में युवा मंच द्वारा गणेश उत्साव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है युवा मंच द्वारा 36वां वर्ष गणेश उत्सव में आकर्षक सजावट किया गया है।

## विधायक निवास में विराजे विघ्नहर्ता श्रीगणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम


राजिम विधायक रोहित साहू के निवास में बहुत ही धूमधाम के साथ गणेश की स्थापना पंडित के मंत्रोच्चार के बीच किया गया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू व भाजपा कार्यकर्ता तथा समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद थे। सुबह शाम विधायक श्री साहू का परिवार पूजा पाठ और आरती कर रहे है। विधायक रोहित साहू ने भगवान श्री गणेश जी की पूजा करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि तथा वैभव प्रदान करने के लिए मंगल कामना किया।



## शिव मंदिरों में मातृशक्तियों की रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हरितालिका पर्व तीज के अवसर पर नगर के सभी शिव मंदिरों में महिलाओं की काफी भीड़ रही। तीजहारिनों ने सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर सत्येश्वर महादेव, राधाकृष्ण मंदिर, नीलकंठ महादेव मंदिर, कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना किया। मंदिरो में महिलाओं की बड़ी भीड़ नजर आई। हर- हर महादेव का जय घोष गूंजता रहा। तीजहारिनों ने यह व्रत अपने पति की लंबी आयु एवं घर परिवार की सुख, शांति व समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखा। रात्रि में पूरे भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन किया।



## भाजपा सदस्य बनाने जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भाजपा सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर भाजपा जिला गरियाबंद एवं भाजपा मंडल फिंगेश्वर के पदाधिकारी एवं नेता तथा कार्यकर्ता गण सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए विचार विमर्श कर लोगों अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, उपाध्यक्ष अशोक साहू, सदस्यता प्रभारी जनक श्रीवास खोमन साहू,सोहन साहू आदि उपस्थित थे। उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि जिला गरियाबंद में 1 लाख 30000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है जिसके लिए हम सबको अभियान में लग जाना है। वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने कहा कि भाजपा का सदस्यता महापर्व को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं की जरूरत है और सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाने हेतु कार्य पर लगने का आह्वान किया।



### सीआरपीएफ जवान का गृहग्राम में स्वागत

**नवापारा-राजिम।** 10 माह के प्रशिक्षण पूरा कर गृहग्राम लखना लौटे सीआरपीएफ के जवान गौतम साहू का स्वागत ढोल-ढमाको के साथ समूचे ग्रामवासियों ने किया। इस दौरान उनके माता-पिता गिरिजा- माखन साहू भी मौजूद थे।



## पूर्व भूपेश सरकार के पैसों की योजनाओं से भाजपाई लूट रहे वाहवाही : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बने लगभग 1 वर्ष पूर्ण होने को आया है। इस सरकार ने विकास के नाम पर शासन से कोई राशि जारी नहीं किया है जिससे नगर पंचायत का विकास रुक गया है।उक्त बाते महिला ब्लाक कांग्रेस शहर अध्यक्ष,पार्षद वार्ड क्रमांक 6 श्रीमती सुनीता श्रीवास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होने आगे बताया कि इसके पहले पूर्व कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा नगर के विकास के लिए प्रत्येक नगर पंचायत को अधो संरचना मत अंतर्गत तीन–तीन करोड रुपए की घोषणा किया गया था जिसके परिपालन में फिंगेश्वर नगर पंचायत को विगत दो वर्षोंर् में कांग्रेस सरकार के मशा अनुरूप लगभग 6 करोड रुपए विकास कार्य करने तथा लोगों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार के लिए दिया गया था। उसी कार्यकाल में फिंगेश्वर नगर का जबरदस्त विकास हुआ भूपेश सरकार में प्राप्त राशि से फिंगेश्वर नगर पंचायत में दो तालाब शीतल तालाब,लालपुर गोकुल नगर वार्ड तथा गरीब नाथ तालाब के सौंदर्य करण का कार्य हुआ है।इस प्रकार फिंगेश्वर नगर के प्रमुख मार्गो में चकाचक विद्युत पोल लगाकर लाइटिंग की व्यवस्था किया गया है।



## दिगंबर जैन भवन में भक्तांबर शिविर का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

दिगम्बर जैन भवन में स्वाध्याय श्री माताजी एवं चर्या श्री माताजी के सानिध्य में भक्ताम्बर पाठ के 41 एवं 42 में काव्य का पाठन किया गया एवं उस पर चर्या श्री माताजी ने प्रवचन कर भक्तांबर की महिमा के बारे में बताया। भक्तांबर शिविर के आज के पुंयर्जक किशोर सिंघई, अनिता सिंघई, सनत चौधरी, राजेंद्र कुमार, रूपचंद, सूरज जैन पांडुका वाले एवं ममता जैन एवं मून सिंघई, सुधा सिंघई रहे। इन परिवारों द्वारा भक्तांबर कलश की मंत्रो के उच्चारण के साथ स्थापना की गई। भक्तांबर शिविर अंतिम चरण पर चल रहा है। चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अजीत चौधरी एवं सचिव अंबर सिंघई ने जानकारी दी कि उक्त भक्तांबर शिविर के पश्चात सभी पुण्यार्जक परिवारों को प्रदान किए जाएंगे।

### विधायक इंद्रकुमार ने कर्मा माता मंदिर के लिए किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रविवार को अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ने चंपारण-नवागांव परिक्षेत्र मुख्यालय में कर्मा माता मंदिर के लिए भूमिपूजन कर पांच कुदाली चलाया। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।





धान की फसल पत्ता लपेट की बीमारी बनी आम समस्या

## पत्ता लपेट कीट से फसल का उत्पादन होता है कम : रोमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

धान में पत्ता लपेट बीमारी एक आम समस्या है, जो धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा सकती है । इस कीट के लार्वा पत्तियों को लपेटकर अंदर से खा जाते हैं, जिससे पौधे का विकास रुक जाता है और फसल का उत्पादन कम हो जाता है।

पत्ता लपेट कीट का समय पर नियंत्रण न किया जाए तो फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर ने बताया पत्ता लपेट की वजह से धान की फसल को भारी नुकसान हो सकता है। यह बीमारी एक सुंडी की वजह से फैलती है जो पत्ते का हरा भाग खा लेती है। अगर धान की फसल में पत्ता जालीनुमा दिखने लगता है, जिसकी वजह से प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया प्रभावित हो जाती है। पत्तियां भोजन बनाना बंद कर देती हैं और पौधे की बढ़वार रूक हो जाती है। पत्ता लपेट सूंडी जब हरा भाग खाकर मल निकालती है, तो मल चिपचिपा होने की वजह से और कीड़े भी आकर्षित होते हैं,इसकी वजह से पौधे को और रोग भी चपेट में ले लेते हैं। ठाकुर जी आगे बताया कि पत्ता लपेट की रोकथाम के लिए किसान कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी नाम के कीटनाशक का इस्तेमाल कर सकते हैं। एक एकड़ के लिए 8 किलो कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी को बालू में मिलाकर खेत में बिखेर दें। किसान ध्यान रखें कि इस दवा का इस्तेमाल रोपाई के 30 दिनों तक जरूर करें। ऐसा करने से पत्ता लपेट कीट की पहली और दूसरी पीढ़ी पर नियंत्रण किया जा सकता है। इसके अलावा किसान क्लोरोपायरीफॉस का इस्तेमाल भी कर सकते हैं । यह दवा गैस छोड़ती है, जिसकी वजह से पत्तों के नीचे छिपे हुए कीट भी मर जाते हैं।अगर फिर भी पत्ता लपेट की समस्या आ जाए तो कारटॉप हाइड्रोक्लोराइड 50 एसपी नाम की दवा का छिड़काव कर सकते हैं। किसान 500 एमएल दवा 400 लीटर पानी में घोल बनाकर एक हेक्टेयर फसल में छिड़काव कर दें, जिससे पत्ता लपेट और तना छेदक कीट नष्ट हो जाएंगे।



## गौरव सम्मान से शिक्षक दुष्यंत हुए सम्मानित



**राजिम।** शिक्षक साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ संबद्ध धरोहर हमारे गौरव के तत्वावधान में लोककला साहित्य पर वैचारिक संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह में शिक्षाविद साहित्यकार, कलाकार, पत्रकार, समाज सेवी के साथ-साथ चिकित्सा विज्ञान एवं महिला उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले देश भर के विभिन्न प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में कौन्दकेरा स्कूल में पदस्थ व्याख्याता दुष्यंत वर्मा को शिक्षा कला एवं स्काउट के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदलपुर के महाराजा कमल चंद्रभंजदेव थे। आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरू खुशवंत सिंह ने अध्यक्षता की।

## खबर संक्षेप



### घर-घर जाकर युवाओं को दिलाई सदस्यता

**मैनपुर।** विश्व के सबसे बड़े पार्टी भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मैनपुर मंडल के ग्राम हरदीभाठा शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 85 पर बूथ के युवाओं को प्रेरित कर घर–घर जाकर सदस्यता दिलाई। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेश कश्यप ने कहा कि देश के युवा ही विकसित भारत एवं सशक्त भारत बनाने राष्ट्र को नई दिशा दे सकती है। इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर इस सदस्यता अभियान में अपना सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर मेरे अपनों ने जो स्नेह, आत्मीयता और अशीर्वाद दिया, उससे मन भीगा है। इन रिश्तों को हमने भरोसे से सींचा है एवं परिवार जनों का अपनत्व हमें हर क्षण जन सेवा की प्रेरणा देता है।

### अंचल में मनाया इतवारी त्योहार



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्रामीण अंचल में किसान श्रवण मास से प्रारंभ हुआ इतवारी तिहार जो ग्रामीण अंचल के गांवों में मानते आ रहे हैं। इसमें प्रति 5 रविवार को किसान खेती का काम बंद रख कर खेत में अच्छी फसल की कामना कर चीला रोटी चढ़ाया गया और गांव में ही चौक चौराहे पर बैठकर एक दूसरे की सुख-दुख की बातें करते हैं। वही छत्तीसगढ़ में परंपरा है कि इतवारी तिहार के अंतिम रविवार को इतवारी तिहार के अवसर पर खेत की पूजा अर्चना करके किसान छत्तीसगढ़ का प्रमुख व्यंजन चीला रोटी भी चढ़ाते हैं किसान बेटा व आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव ने बताया कि यह परंपरा चली आ रही है, किसान अपनी हर सुख दुख में खेतों से जुड़ी हुई है साथ ही साथ अंतिम रविवार को पूजा अर्चना करके अच्छे फसल की कामना भी किया। ग्रामीण क्षेत्र सहित आस पास के गावों में अंतिम इतवारी त्योहार मनाया गया।

### निधन

#### मधुवीना वर्मा

**गरियाबंद।** नगर की मधुवीना वर्मा का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ अधिवक्ता राम कुमार वर्मा की धर्मपत्नी व मधुवीणा वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, मनोज वर्मा, अरुण वर्मा, प्रदीप वर्मा एवं संजय वर्मा की बड़ी भाभी थी। एवं निश्चल वर्मा एवं सोनम श्रीवास्तव की माता थी। उनके अंतिम संस्कार में नगर के गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।




## छुईहा सेंदर में गणेशोत्सव की धूम : पंडालों और घरों में विराजे गणेश



**छुईहा बेलर।** नवयुवक गणेशोत्सव समीति सेंदर।



**छुईहा बेलर।** बजरंग चौक देवगांव।



**छुईहा बेलर।** गौरा चौक बारूला।



**छुईहा बेलर।** बस स्टैंड दुर्गा मंच छुईहा।



**छुईहा बेलर।** विद्या मंदिर समीति सेंदर।

### शिविर : ग्राम कुल्हाड़ीघाट, खरीपथरा व जाड़ापदर में ग्रामीणों को राशन कार्ड वितरित

# कमार जनजातियों के विकास के लिए किया जा रहा शिविर का आयोजन : बनसिंह सोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिलें के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट में रविवार को जनमन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर का शुभारंभ सरपंच धनमोती सोरी, पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में हौम्योपैथी आर्वेद एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कृषि विभाग के शशीकांत पटेल नें कृषि संबंधित जानकारी दिया। वहीं खाद्य विभाग से गंगाधर नागेश, आधार विभाग से कुमारी रेखा वर्मा ग्राम पंचायत सचिव प्रेम ध्रुव, हिरोन्दी ठाकुर, ग्राम प्रभारी सुकराम नागेश, रतिराम नागेश, दुलेश्वरी नागेश, जयलाल नेताम, सुखदेव नेताम, जनक नागेश दामोदर मरकाम, श्यामलाल बघेल, बसंती, प्रेमलाल बघेल, मनीशा नागेश व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी ने कहा की केन्द्र सरकार द्वारा विशेष पिछड़ी कमार जनजातियों के विकास के लिए शिविर का अयोजन किया जा रहा है लेकिन इस शिविर में ब्लाक स्तर के भी अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे हैं जिसके कारण ग्रामीणों को जितता लाभा मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। उन्होने गरियाबंद जिला के कलेक्टर से मांग किया है कि शिविर में ब्लाक और जिला स्तर के अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए जिससे ग्रामीणों को शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।



#### शिविर में 8 किसानों का बना तत्काल क्रेडिट कार्ड

वहीं ग्राम पंचायत घुमरापदर, कुचेंगा, खरीपथरा में भी शिविर का अयोजन किया गया। इस दौरान 20 से जयादा लोंगो को राशन कार्ड किसान सम्मान निधि का वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत हरदी में पीएम जनमन शिविर आयोजित हुआ, जिसमे शिविर स्थल पर तत्काल राशन कार्ड बनाकर कमार परिवार 7 हितग्राही को वितरण किया गया। जिसमें बैजनाथ कमार, दुर्जन कमार, समारी बाई, चंवर सिंह, कोमिन बाई, धनमोतिन कमार, दुकालू राम कमार, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 42 कमार परिवारों का बीपी, मलेरिया सिकल सेल शुगर हेल्थ चेकअप शिविर स्थल पर किया गया। शिविर में 8 किसान क्रेडिट कार्ड तत्काल शिविर स्थल में बनाकर वितरण किया गया। जिसमें सोनबती कमार, अमरलाल, भागवती, संकरलाल, बुध्यारीन, नीरा बाई व छत्तीसगढ राज्य ग्रामीण बैंक गरियाबंद द्वारा शिविर स्थल पर 10 हितग्राहीयों को खाता पासबुक वितरण किया गया।



#### जल बचाने दिलाई शपथ

आज के कार्यक्रम में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल बचाने के लिए शपथ दिलाया गया। कमार बस्ती में जाकर केन्द्र व राज्य सरकार की द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमजद जाफ़री मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबन्द, दुर्गेश प्रसाद साहू क्षेत्रीय समन्वयक, जागेश्वर जगत, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लेखराम साहू, सरपंच इंद्राणी ध्रुव, उपसरपंच ग्वाल यादव, पंच निरंजन ठाकुर, सोनिया, सचिव पोषण टेकाम, रोजगार सहायक चमेली ध्रुव, कमार समाज के प्रमुख, दयालाल ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि, देवकुमारी साहू, सक्रीय महीला अनुसुइया ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### एकलव्य विद्यालय में पतोरा स्कूल के भूपेंद्र एवं झरना का चयन

#### गांव में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा सत्र 2024–25 में दो छात्रों का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयनित होने पर गांव में खुशी का माहौल है।

बता दें की भुपेंद्र कुमार दीवान एवं कुमारी झरना दीवान शुरू से ही पढ़ाई–लिखाई के क्षेत्र में मेघावी रहे हैं। झरना दीवान का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय पीपरछेडी मैनपुर, भुपेंद्र दीवान का चयन एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरा में हुआ है। दोनों छात्रों के चयन होने पर बड़ी संख्या में गांव वाले एवं जनप्रतिनिधियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। जिसमें रामेन्द्र जोशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर, सुभाष शर्मा संकुल श्रोत समन्वयक बीआरसी फिगेश्वर, हेमंत कुमार साहू एबीओ फिंगेश्वर, नारायण सिंह ठाकुर संकुल प्राचार्य, टोकेश साहू संकुल समन्वयक परसदाकला, अमरीका साहू सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा सहित प्रधान पाठकों, शिक्षकों एवं जनप्रति निधि शामिल हैं।





## स्वामी विवेकानंद युवा संगठन ने शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



स्वामी विवेकानंद युवा संगठन द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वहीं ग्राम जोगीडीपा में यह संस्था कार्यरत हैं। यह छोटा सा गांव, समीति साधन व अभाव में भी अपने दृढ़ निश्चय के कारण सार्वजनिक सेवा कार्य, रचनाकार कार्य, राष्ट्रीयता भाव से जुड़े कार्यों को बखूबी करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जोगीडीपा, बोड़की, फुलझर के शिक्षकों का सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र यादव व गोपाल साहू, मिथलेश नेताम, गोपी ध्रुव, बलराम साहू, लेखराम साहू, महेन्द्र सिन्हा, लेखन मरकाम, चेतन मरकाम, हेमलाल ध्रुव, थनेंद्र ध्रुव, दर्जनों कार्यकर्ता के प्रयास और हाथों शिक्षकों ने सम्मान पाया। पुरस्कृत समारोह में सम्मानित शिक्षक भावुक हुए। इस तरह का आयोजन स्कूल को छोड़ सार्वजनिक ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार हुआ है।

सम्मानित किए गए शिक्षक में गैंद राम पटेल बोड़की, संकुल समन्वयक बेलर पुराणिक ध्रुव छुईहा, चोवाराम ध्रुव जोगीडीपा, कुंत राम साहू परसदाकला, नंदकुमार जोशी मुड़तराई, गोबिंद भार्गव जोगीडीपा, फणेश्वर कौवर फुलझर, नोमेश कवर बोड़की, डिगेश्वर साहू चरभट्ठी, चुकेश्वरी भार्गव जोगीडीपा, उमेश्वरी ध्रुव असम रायफर आर्मी शामिल हैं। इस मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत बोड़की रामजी साहू ने कहा की यहां सम्मानित शिक्षक एवं सम्मान पाने वालों से मेरा आह्वान है कि जिले में ऐसे नवाचार के प्रयोग न पहल साबित हो कि जिले में कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा पहल गौरव गरियाबंद में आपके छात्र को स्थान मिले। इस अवसर पर रामजी साहू सरपंच, उपसरपंच नेतराम सिन्हा, भोज साहू बोड़की, होरीलाल साहू बोड़की, चुम्मन साहू फूलझर, बीसहत साहू बोड़की, गोवर्धन यादव, मिलाऊ ध्रुव, मैतू कमार, नारायण नेताम, महेश साहू, राजेन्द्र यादव, डोमार ध्रुव, भोजराम ध्रुव, तोमेश साहू, टेमन साहू, डेविड यादव, चेमन ध्रुव, ओंकार ध्रुव, यशवंत छेदैय्या आदि युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## लक्ष्मीनारायण शिक्षक रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



रायपुर के सिविल लाइन में स्थित वृंदावन हाल के सभागार में शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन विगत दिनों किया गया था। वहीं पर्यावरण, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए ग्राम खुटेरी निवासी लक्ष्मी नारायण सेन शिक्षक पदस्थ पूर्व माध्यमिक शाला बारूला को 1 सितंबर को रायपुर वृंदावन हाल में बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव की मुख्य अतिथित्य, आरंग विधायक सुखवंत साहेब की अध्यक्षता, पंडवानी गायिका एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. उषा बारले, राधेश्याम बारले पंथी लोकगायक की विशिष्ट अतिथित्य एवं छत्तीसगढ़ शिखर साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मन्नूलाल चेलक की गरिमामय उपस्थिति में शिखर शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया।




## बिजली में सीसी रोड एवं टिन शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत बिजली के मुख्य सड़क मार्ग से राजिव सेवा केन्द्र भारत भवन, तलाब नीचे रेखु घर से पंचायत भवन तक जनपद पंचायत मद, अधोसंरचना मद से 10 लाख राशि की सीसी रोड एवं 3 लाख का टिन शेड निर्माण किया जाएगा। कल सरपंच प्रतिनिधि पीला चंद मांडले, मोती राम निषाद पूर्व सरपंच बिजली, गजेंद्र निषाद प्रतिनिधि सभापति जनपद फिगेंश्वर, विश्वनाथ पटेल उपसरपंच, पीतांबर साहू, वरिष्ठ पंच नंदू यादव, पंच सत्यनारायण यदु, पंच व वरिष्ठ भाजपा लिखन निषाद, दया राम साहू, लीला राम, प्यारे दास , भंवर लाल, तोसन पटेल, भैय्या राम निषाद, वरिष्ठ नागरिक गण की उपस्थिति में भूमि पूजन किया गया।जिससे निवासियों एवं इस राह पर चलने वालों राहगीरों को आने-जाने में अब असुविधा नहीं होगी। बारिश के दिनों में भी लोगों को कीचड़ से राहत मिलेगी। ग्राम वासियों ने राजिम विधायक रोहित साहू, जनपद सभापति कीर्ति गजेन्द्र निषाद के प्रयास पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। सरपंच प्रतिनिधि पिलाचंद ने कहा की हमें शासन जो राशि मिल रहा है उसका प्राथमिकता के साथ काम करा रहे हैं।

